Bharat Temples

खाटू वाले के भवन में

खाटू वाले के भवन में सज्जनो हो रही जय जैकार
मेरे बाबा के भवन में सज्जनो हो रही जय जैकार
हो रही जय जैकार बहन में हो रही जय जैकार
खाटू वाले के भवन में......................

फागुन के महीने में तेरा मेला भरे अपार
दूर दूर से आवे यात्री आवे नर और नार
खाटू वाले के भवन में..................

तेरे नाम की अद्भुत माया जाने सब संसार
आज हमें भी दर्श दिखा के कर दो भाव से पार
खाटू वाले के भवन में..................

कितने ही भक्त उबारे तूने असुरो को दिया मार
तेरे रूप के दर्शन करने आया तेरे द्वार
खाटू वाले के भवन में..............

जाग्रति मंडल के सपनो को कर दे अब साकार
हरी किशन शर्मा का बाबा कर दे बेडा पार
खाटू वाले के भवन में..................

Source: https://www.bharattemples.com/khatu-vale-ke-bhawan-me/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw